THE BIHAR NURSES REGISTRATION COUNCIL -1935-

# बिहार परिचारिका निबंधन परिषद्, पटना

नया सचिवालय, तीसरा तल्ला, कमरा संख्या 330 (A)
बेली रोड, पटना 800 015, (बिहार)
फोन नंबर: 0612-2215001 ईमेल आई.डी.: registar.bnrc@gmail.com

THE BIHAR NURSES REGISTRATION COUNCIL -1935-

सं०सं० 01/बी.एन.आर.सी./2024/........ दिनांक......../......../2024

–:: सहमति पत्र ::–

प्रेषक,

श्रीमती निर्जला कुमारी
निबंधक,
बिहार परिचारिका निबंधन परिषद्, पटना।

सेवा मे,

सचिव,
रघुनंदन सिन्हा टी0टी0 कॉलेज ए0एन0एम0 नर्सिंग,
गोडिहा, कोस डिहरा, परसबिगहा, जहानाबाद–804417

विषय :– सहमति पत्र के संबंध में।

प्रसंग :– स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के आदेश ज्ञापांक 87(6), दिनांक–10.01.2024

महाशय/महाशया,

उपर्युक्त विषयक, आपके पत्रांक RSC/04/2024, दिनांक 11.01.2024 के आलोक में सूचित करना है कि स्वास्थ्य निदेशालय, बिहार सरकार आदेश ज्ञापांक 87(6), दिनांक–10.01.2024 के द्वारा आपके प्रशिक्षण संस्थान को ए0एन0एम0 पाठ्यक्रम में 60(साठ) सीटों पर नामांकन लेने हेतु एक सत्र के लिए मान्यता प्रदान की गई है। भारतीय उपचर्या परिषद्, नई दिल्ली के पत्रांक–1-6/LT/2023-INC, Dated 31-10 -2023 के आलोक में सत्र–2023–24 के नामांकन कि तिथि 31.11. 2023 निर्धारित थी।

**2**–आपके संस्थान को ए0एन0एम0 पाठ्यक्रम को इस शर्त के साथ एक सत्र(2023–24) के लिए सहमत्ति प्रदान कि जाती है कि भारतीय उपचर्या परिषद्, नई दिल्ली के Guidelines के अनुसार अक्टुबर–2024 के लिए आयोजित परीक्षा के पूर्व छात्र/छात्राओं का प्रशिक्षण नियमानुसार 11(ग्यारह) माह की उपस्थिति आनिवार्य है।

अतः विभागीय आदेश ज्ञापांक–87(6), दिनांक–10.01.2024 के द्वारा आपके संस्थान को निर्गत मान्यता के आलोक में एक सत्र (2023–24) का सहमति उपरोक्त शर्त के साथ प्रदान किया जाता है।

3–यह आदेश आपके संस्थान को दी गई मान्यता कि तिथि से प्रभावी होगा।

4–उपरोक्त प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन
ह0/–
(निर्जला कुमारी)
निबंधक

ज्ञापांक–सं0सं0–01/**बी.एन.आर.सी.**/2024..132../स्वा0, पटना, दिनांक..29../..01../2024

प्रतिलिपिः– सचिव, भारतीय उपचर्या परिषद्, नई दिल्ली, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– निबंधक, बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– निदेशक प्रमुख(नर्सिंग)–सह–अध्यक्ष, बिहार परिचारिका निबंधन परिषद्, पटना, को सूचनार्थ प्रेषित।

29/01/24
निबंधक